**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर ।**

| प्रश्न संख्या-11 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उ०प्र० सचिवालय में कार्यरत कार्मिकों के राजकीय आवासों के मरम्मत/ जीर्णशीर्ण आवासों को ठीक कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 05 फरवरी, 2025 जो कि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| (ख) | उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी है और क्या किये गये अनुरोध पर कार्यवाही पूर्ण हो गयी है? | जी हाँ।<br>उक्त पत्र के साथ श्रीमती शाहीन फातिमा, सहायक समीक्षा अधिकारी, गृह विभाग का पत्र संलग्न था जिसमें श्रीमती शाहीन फातिमा द्वारा आवास संख्या-एल-2-1157/2 इन्दिरा नगर लखनऊ में सिविल सम्बन्धी कार्य कराए जाने का अनुरोध किया गया था।<br>उक्त पत्र में किए गए अनुरोध के दृष्टिगत राज्य सम्पत्ति अनुभाग-4 के शासनादेश संख्या-आ-526/2025/32-4/001-1925412, दिनांक 14 मई, 2025 द्वारा श्रीमती शाहीन फातिमा के आवास संख्या-एल-2-1157/2 इन्दिरा नगर लखनऊ में सिविल सम्बन्धी कार्य कराए जाने हेतु रू० 0.97 लाख की निर्गत वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष कार्य पूर्ण करा दिया गया है। |
| (ग) | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपर्युक्तानुसार |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार |

**योगी आदित्य नाथ**
**मुख्यमंत्री।**